# युवा सितारों ने रचा इतिहास



**अटलांटा, 22 जून लामिने यामल का बड़ा रिकॉर्ड मैच में गोल करने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाडी और हुए पेले क्लब में यामल की एंट्री युवा फॉरवर्ड लामिन यमाल और मिकेल ओयारजाबल के गोलों की बदौलत स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप एच के मुकाबले में सऊदी अरब को 4-0 से हरा दिया.**

स्पेन ने रविवार रात अटलांटा के मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में शानदार आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया. स्पेन के युवा फॉरवर्ड लामिन यमाल ने 10वें मिनट में गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई. उन्होंने एक बेहतरीन आक्रामक मूव को गोल में बदलकर 'ला रोजा' (स्पेन की टीम) को आगे किया. मैच में स्पेन का दबाव लगातार बना रहा और मिकेल ओयारजबल ने 21वें और 24वें मिनट में लगातार दो गोल करके पहले आधे घंटे के भीतर ही मैच का नतीजा लगभग तय कर दिया. सऊदी अरब को स्पेन के हाई-प्रेसिंग और शानदार पासिंग कॉम्बिनेशन का सामना करने में काफी मुश्किल हुई और वे पहले हाफ का अधिकतर समय अपने ही क्षेत्र में सिमटे रहे. गोलकीपर मोहम्मद अल-ओवाइस ने कई अहम बचाव करके स्कोर को और अधिक शर्मनाक होने से बचाया, लेकिन ब्रेक के बाद वे और गोल होने से नहीं रोक सके. सऊदी अरब के लिए तीसरा गोल दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से (आत्मघाती गोल) हुआ, जब हसन अल-तंबक्ति ने बॉक्स में आए एक खतरनाक पास को रोकने की कोशिश में गेंद को अपनी ही नेट में डाल दिया. स्पेन ने दूसरे हाफ में भी गेंद पर अपना कब्ज़ा बनाए रखा और कई मौके बनाए, हालांकि फेरान टोरेस के आखिरी समय में किए गए पांचवें गोल को वीएआर रिव्यू में ऑफसाइड पाए जाने के बाद रद्द कर दिया गया. एक घंटे का खेल होने के बाद सऊदी अरब ने कुछ इरादा दिखाया लेकिन कोई खास खतरा पैदा नहीं कर सके, क्योंकि स्पेन की मिडफील्ड तिकड़ी - पेड्री, रोड्री और दानी ओल्मो - ने आसानी से खेल की गति को नियंत्रित किया और अंतिम क्षणों में खेल पर पूरी पकड़ बनाए रखी. इस जीत के साथ स्पेन ने ग्रुप एच में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि सऊदी अरब ग्रुप चरण में एक और हार के बाद दबाव में है.

## अंक तालिका

ग्रुप-एच :

| टीम | मैच | जीत | ड्रॉ | हार | गोल किए | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पेन | 2 | 1 | 1 | 0 | 4 | 4 |
| उरुग्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 3 | 2 |
| केप वर्डे | 2 | 0 | 2 | 0 | 2 | 2 |
| सऊदी अरब | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 |

ग्रुप-जी :

| टीम | मैच | जीत | ड्रॉ | हार | गोल किए | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मिस्र | 2 | 1 | 1 | 0 | 4 | 4 |
| ईरान | 2 | 0 | 2 | 0 | 2 | 2 |
| बेल्जियम | 2 | 0 | 2 | 0 | 1 | 2 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 1 | 1 | 3 | 1 |

ग्रुप एफ :

| टीम | मैच | जीत | ड्रॉ | हार | गोल किए | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 7 | 4 |
| जापान | 2 | 1 | 1 | 0 | 6 | 4 |
| स्वीडन | 2 | 1 | 0 | 1 | 6 | 3 |
| ट्यूनीशिया | 2 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 |

## केप वर्डे ने उरुग्वे को 2-2 के ड्रॉ पर रोका



**मियामी.** केप वर्डे ने एक और चौंकाने वाला प्रदर्शन करते हुए उरुग्वे को 2-2 से ड्रॉ पर रोककर अपने पहले विश्व कप में लगातार दूसरा अंक हासिल किया. केप वर्डे दो अंकों के साथ राउंड ऑफ 32 में जाने की दौड़ में बने हुए है. केविन पिना ने 34 यार्ड की शानदार फ्री-किक पर गोल कर केप वर्डे को बढ़त दिलाई, लेकिन हाफ-टाइम से पहले मैक्सी अराउजो और अगस्टिन कैनोबियो के गोलों ने उरुग्वे को 2-1 से आगे कर दिया. केप वर्डे पर हार का संकट दिखाई दे रहा था ऐसे समय उसने मुकाबले के 57वें मिनट में अपने तुरुप के इक्के हेलियो वरेला को मैदान पर उतारा. वरेला ने मैदान पर उतरने के 136वें सेकंड में ही अपना काम कर दिया. मैच के 60वें मिनट में उन्होंने गोल दागा कर स्कोर 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया. यह दो बार की विश्व चैपियन रही उरुग्वे के लिए बड़ा झटका साबित हुआ. हेलियो वरेला का यह पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था. इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई. लेकिन वे गोल करने में विफल रही और मुकाबला 2-2 से ड्रा पर समाप्त हुआ.

## फीफा विश्वकप : ईरान बनाम बेल्जियम मैच गोलरहित ड्रॉ



**लॉस एंजिल्स.** बेल्जियम के खिलाड़ी नाथन नगोय को रेड कार्ड मिला टीम 10 खिलाड़ियों में रह गई फीफा विश्वकप 2026 के ग्रुप जी में ईरान और बेल्जियम के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला गोलराहित ड्रा रहा.इस मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया. लेकिन बेल्जियम ने खेल में अधिकतर समय दबदबा बनाए रखा, 66वें मिनट में नाथन नगोय को रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ एक अंक हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा. मैच के दौरान बेल्जियम अधिक आक्रामक दिखा. वहीं ईरान के गोलकीपर ने शानदार बचाव किये.अलीरेज़ा बेइरानवंद ने शानदार बचाव करके ईरान को मैच में बनाये रखा इनमें से सबसे बेहतरीन बचाव वह था जब उन्होंने जमीन पर लेटे हुए मैक्सिम डी कुइपर के नजदीकी शॉट को रोकने के लिए हाथ बढ़ाया. उनके सामने, ईरान की रक्षा पंक्ति और मध्यक्षेत्र काफी चुस्त थे, जिससे खिलाड़ियों के बीच की जगह कम हो गई और केविन डी ब्रुइन जैसे खिलाड़ियों को खेल पर हावी होने का मौका नहीं मिला. दूसरे हाफ में, तारेमी के दबाव के चलते नगोय ने हाफवे लाइन पर गेंद खो दी और तारेमी ने गेंद छीनकर आगे बढ़ते हुए नगोय को गिरा दिया, जिसके लिए उन्हें सीधा रेड कार्ड दिखाया गया. इसके बाद ईरान ने खेल पर नियंत्रण कर लिया और कुछ मौके बनाए, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सका. इस ड्रा के साथ दोनों टीमें अंक बांटे गये.

## मोहम्मद सालाह का रिकॉर्ड, मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया



**वैंकूवर (कनाडा).** मोहम्द सालाह ने: दो अलग-अलग वर्ल्ड कप संस्करणों में गोल किया यह मिस्र के लिए पहली बार हुआ 34 साल 9 दिन की उम्र में गोल वह मिस्र के सबसे उम्रदराज वर्ल्ड कप गोल स्कोरर बने उन्होंने पुराने रिकॉर्ड (मैग्डी अब्देलघनी) को तोड़ा फीफा विश्वकप 2026 के ग्रुप जी में मिस्र ने रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-1 से हरा दिया. इस ऐतिहासिक जीत के बाद मिस्र 4 अंकों के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है. मैच का शुरुआती गोल 15वें मिनट में न्यूजीलैंड के लिए फिन सुरमन ने हेडर से किया. न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले हॉफ तक इस बढ़त को बनाये रखा. दूसरे हाफ में मिस्र ने आक्रामक खेल दिखाते हुए वापसी की. 58वें मिनट में मोस्तफा ज़िको ने हेडर द्वारा गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. इसके बाद 67वें मिनट में कप्तान मोहम्मद सालाह ने शानदार 'वन-टू' मूव के जरिए गोल कर मिस्र को 2-1 से आगे कर दिया. मैच समाप्त होने से 10 मिनट पहले मिस्र ने तीसरा गोल किया. यह गोल 81वें मिनट में सालाह की कॉर्नर किक पर स्थानापन्न ट्रेज़ेगेट ने डाइविंग हेडर से किया. इसने मिस्र की 3-1 से जीत पक्की कर दी. इस हार के साथ न्यूज़ीलैंड की टीम 1 अंक के साथ ग्रुप में सबसे निचले स्थान पर खिसक गई है.

## क्रिकेट में वापसी के लिए प्रेग्नेंसी के बाद की गाइडलाइंस जारी की

**दुबई, 22 जून अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्उंसिल (आईसीसी) ने सोमवार को महिला क्रिकेटरों के लिए 'प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी के लिए गाइडलाइंस' जारी की हैं.**

इस गाइडलाइंस में सदस्य बोर्ड के लिए एक पूरा सिस्टम बताया गया है ताकि वे खिलाड़ियों को प्रेग्नेंसी, बच्चे के जन्म और टॉप लेवल क्रिकेट में वापसी के दौरान मदद कर सकें. इस गाइडलाइंस के अनुसार बोर्ड हर खिलाड़ी के लिए एक खास केस मैनेजर नियुक्त करें, ट्रेनिंग का लचीला माहौल दें, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करें, और प्रेग्नेंसी व बच्चे के जन्म के बाद की अवधि में मेडिकल और सेहत से जुड़ी सुविधाओं तक पहुंच पक्की करें. यह कदम महिला क्रिकेट के बढ़ते प्रोफेशनल होने के बीच उठाया गया है, क्योंकि अब अधिकतर खिलाड़ी अपने खेल करियर के दौरान परिवार शुरू करने का फैसला कर रही हैं. आईसीसी की मेडिकल एडवाइजरी कमेटी ने ये गाइडलाइंस तैयार की हैं और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की डॉक्टर डॉ. फिलिप्पा इंगे ने इसकी अगुवाई की है.

## रॉयल निमार ईगल्स ने भोपाल लेपर्ड्स को हराया

**इंदौर.** इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी 20 सिंधिया कप 2026 के बारिश से प्रभावित मैच में रॉयल निमार ईगल्स ने भोपाल लेपर्ड्स के खिलाफ आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच को घटाकर 13 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। भोपाल लेपर्ड्स की टीम रॉयल निमार ईगल्स के खिलाफ अपने निर्धारित 13 ओवरों में 107 रनों पर ऑलआउट हो गई।इस पारी में आईपीएल स्टार कुमार कार्तिकेय की शानदार गेंदबाजी का जलवा देखने को मिला।

## भारत में हासिल किए एक्सक्लूसिव लाइसेंसिंग



**नयी दिल्ली, 22 जून. जगदाले इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड (जगदाले) ने भारत में आधिकारिक लाइसेंसधारी के तौर पर अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ अपने संबंधों के बारे में घोषणा की है.**

यह रणनीतिक भागीदारी अर्जेंटीनी फुटबाल की वैश्विक विरासत और उत्कृष्टता एवं नवाचार के प्रति जगदाले की प्रतिबद्धता को एक साथ लेकर आती है, जो विश्वसनीय संबंधों और ज़िम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के ज़रिए सार्थक मूल्य निर्माण करने की कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. दुनिया के सबसे सम्मानित फुटबॉल महासंघों में से एक महासंघ के रूप में एएफए एक समृद्ध खेल विरासत, वैश्विक मान्यता और सशक्त अंतर्राष्ट्रीय मौजूदगी का प्रतिनिधित्व करता है. इस संबंध का अधिकतम उपयोग करते हुए जगदाले द्वारा जुड़ाव प्रेरित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू करने की योजना है, जिसे स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, दवा विक्रेताओं, संस्थागत ग्राहकों और सेल्स टीमों के साथ संबंधों को मज़बूत बनाने के लिए तैयार किया गया है.



## हॉकी : भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराया

### भारतीय डिफेंस और गोलकीपर का दबदबा

**रोटर्डम, 22 जून भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी क्लब रोटर्डम में एफआईएच प्रो लीग के रोटर्डम लेग के अपने आखिरी मैच में नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया.**

जुगराज सिंह (18वें मिनट), अभिषेक (27वें मिनट) और राजिंदर सिंह (56वें मिनट) के गोल की मदद से भारत ने रविवार रात डच टीम के खिलाफ इस लेग में अपनी दूसरी जीत हासिल की. कार्यवाहक कप्तान हार्दिक सिंह को उनकी बेहतरीन कप्तानी और मिडफील्ड में शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया.

> भारत ने दूसरे क्वार्टर में खेल की गति बढ़ाई और तुरंत अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया. जुगराज सिंह (18वें मिनट) ने डच गोलकीपर डर्क मेइजर के बाईं ओर एक जोरदार ड्रैग-फ्लिक मारकर स्कोर 1-0 कर दिया.

नीदरलैंड्स ने पहले क्वार्टर में मैच की मजबूत शुरुआत की, शानदार पासिंग दिखाई और भारतीय डिफेंस पर शुरुआती दबाव बनाया. हालांकि भारत की शुरुआत थोड़ी लड़खड़ाती हुई रही, लेकिन डिफेंडरों ने जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली और डच अटैकर्स को रोक दिया. भारत ने विपक्षी टीम के सर्कल में कुछ बार प्रवेश किया लेकिन आखिरी पास नहीं दे पाए.

## चेन्नई बुल्स रग्बी लीग के फाइनल में



**हैदराबाद, 22 जून चेन्नई बुल्स ने रग्बी प्रीमियर लीग 2026 के पहले महिला एडिशन के फ़ाइनल में शानदार तरीके से जगह बनाई है. यह फ़ाइनल 23 जून को हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में खेला जाएगा. चैंटेल मिएल की कप्तानी में, चेन्नई बुल्स ने पांच लीग मैचों के बाद टेबल में टॉप किया और फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की.**

चेन्नई बुल्स की कप्तान चैंटेल मिएल ने कहा, 'फ़ाइनल को लेकर बहुत उत्साहित हूं. कल रात का मैच बहुत कड़ा था, लेकिन आखिरी पल में जीत हासिल करना लड़कियों की मेहनत और पिछले कुछ हफ़्तों में उन्होंने जो कड़ी मेहनत की है, उसका शानदार नतीजा है. फ़ाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बनकर खुशी हो रही है. टीम अब तरोताजा है और कल फ़ाइनल में वापसी करने और जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है.'

चेन्नई बुल्स की अमनदीप कौर ने कहा, 'फ़ाइनल में पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है और पूरी टीम अब फ़ाइनल खेलने के लिए बेताब है.

## रवि बिश्नोई हेल्थकेयर क्रिकेट लीग के ब्रांड एंबेसडर बने

**जयपुर.** भारतीय क्रिकेट स्टार रवि बिश्नोई को दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर क्रिकेट लीग 'इंडियन हेल्थकेयर लीग' (आईएचएल) के ब्रांड एंबेसडर बनाया गया हैं। आईएचएल ने सीज़न-2 के लिए विस्तार की घोषणा करते हुए रवि बिश्नोई को लीग के आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर के तौर पर इसमें शामिल किया हैं। इस अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस जुड़ाव पर खुशी जाहिर करते हुए रवि बिश्नोई ने कहा कि वह ब्रांड एंबेसडर के तौर पर आईएचएल से जुड़कर बहुत खुश हैं.

## विंडहम क्लार्क ने जीता यूएस ओपन गोल्फ का खिताब



**साउथेम्प्टन 22 जून अमेरिका के पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी विंडहम क्लार्क ने रविवार को शिनेकॉक हिल्स में सैम बर्न्स को एक स्ट्रोक से हराकर अपना दूसरा यू एस ओपन खिताब जीता. उन्होंने शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी.**

पिछले साल कट से बाहर होने के बाद क्लबहाउस में अपना गुस्सा निकालने के एक साल बाद, क्लार्क का आखिरी राउंड का स्कोर 3-ओवर 73 रहा, जो उन्हें तीन साल में दूसरी यूएस ओपन चैंपियनशिप जिताने के लिए काफी था. वह टूर्नामेंट के इतिहास में शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखने वाले नौवें गोल्फर हैं. 32 साल के क्लार्क ने कुल 4-अंडर 276 का स्कोर किया.

## एशियन रिले चैंपियनशिप ▶ चीन ने 44 .09 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक किया हासिल

# भारत ने जीता 4×100 मीटर टीम का खिताब



**नयी दिल्ली, 22 जून चीन के शांग्यू में को एशियन रिले चैंपियनशिप 2026 के आखिरी दिन भारतीय महिला 4×100 मीटर टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया.**


ओलंपियन श्रावणी नंदा, स्नेहा शानुवल्ली, सुदेशना शिवंकर और तमन्ना ने महिलाओं की 4×100 मीटर रिले फाइनल में 43.85 सेकेंड का सीजन का सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया. चीन ने 44.09 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक हासिल किया, जबकि थाईलैंड ने 44.11 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता. तमन्ना और स्नेहा शानुवल्ली ने 2026 एशियन रिले में दो-दो पदक हासिल किए. शनिवार को उन्होंने मेंस 200 मीटर दौड़ के नेशनल रिकॉर्ड होल्डर अनिमेष कुजूर और प्रणव गुरव के साथ मिलकर मिक्स्ड 4×100 मीटर

> भारत की पुरुष और महिला 4×400 मीटर रिले टीमें दो साल पहले हुई पहली एशियन रिले चैंपियनशिप जैसी सफलता नहीं दोहरा सकीं और इस बार मेडल की दौड़ से बाहर रहीं. दोनों टीमों ने साल 2024 में बैंकॉक में रजत पदक जीते थे. एमआर पूवम्मा, रशदीप कौर, अंसा बाबू और सलोनी नागर की भारतीय टीम ने 3:47.22 सेकेंड के अपने सीजन के सबसे अच्छे समय के साथ चौथा स्थान हासिल किया.

## कई अहम पहलों की करेंगे अगुवाई मांडविया

**नयी दिल्ली.** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मंगलवार को केरल का दौरे पर फिटनेस, खेलों में उत्कृष्टता और खेलों में बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. केंद्रीय मंत्री मांडविया अपने कार्यक्रमों की शुरुआत तिरुवनंतपुरम में चाकाई आईटीआई से शंखमुघम बीच तक होने वाले साइकिलिंग कार्यक्रम 'साइकिलिंग बाय द सी' में भाग लेकर करेंगे. इस पहल का मकसद लोगों को साइकिलिंग और अन्य फिटनेस गतिविधियों के जरिए सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है.

## नेमार ब्राजील की फुल ट्रेनिंग में लौटे



**न्यू जर्सी, 22 जून नेमार ने रविवार को ब्राज़ील की वर्ल्ड कप टीम के साथ पूरी ट्रेनिंग की. वे लगभग तीन साल में अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेलने की तैयारी कर रहे हैं.**

सैंटोस के फ़ॉरवर्ड नेमार ने पिछले हफ़्ते थोड़ी-बहुत ट्रेनिंग शुरू की थी. 27 मई को रियो डी जेनेरो के पास टेरेसपोलिस में ब्राज़ील की टीम के इकट्ठा होने के बाद से उन्होंने टीम के साथ अपना पहला पूरा ट्रेनिंग सेशन पूरा किया. शुक्रवार को ब्राज़ील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने कहा कि 34 साल के नेमार 'ग्रेड टू काफ़ स्ट्रेन' (पिंडली की चोट) से उबर चुके हैं और मियामी में स्कॉटलैंड के ख़िलाफ़ बुधवार को होने वाले ग्रुप सी के आख़िरी मैच के लिए टीम में शामिल किए जाएंगे. साथी खिलाड़ी लुकास पाक्वेटा ने कहा कि नेमार की वापसी से पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन टीम का हौसला बढ़ा है. मिडफील्डर ने रविवार को पत्रकारों से कहा, 'हम सभी नेमार की वापसी से बहुत खुश हैं. वे हमारी नेशनल टीम के लिए बहुत अहम खिलाड़ी हैं, जिनका शानदार रिकॉर्ड रहा है और वे हमारी बहुत मदद कर सकते हैं. मुझे उम्मीद है कि वे जल्द से जल्द मैदान पर लौटकर हमारी मदद करेंगे.' नेमार, जिन्होंने 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल किए हैं और ब्राज़ील के लिए सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, अक्टूबर 2023 में 'एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट' (एसीएल) फटने की चोट के बाद से नेशनल टीम के लिए नहीं खेले हैं.